संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 83 गुरूवार 23 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का बॉस



**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025(ए)।** फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का बॉस करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के बॉस हैं।

### शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता



#### सर्वोच्च अदालत का तर्क

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि यौन उत्पीड़न के मामले में शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता है। साथ ही देश की सर्वोच्च अदालत ने यह भी साफ कहा है कि यह भी जरूरी नहीं है कि पीड़िता शोर मचाए या चिल्लाए। कोर्ट का मानना है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों की प्रतिक्रिया विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करती है। अदालत ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी सामाजिक कलंक और डर पीड़िता की ओर से घटना को उजागर करने में महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न करती हैं।

### गर्म तेल में गिरने से 2 साल के मासूम की मौत



#### सगाई समारोह में खेलते-खेलते कड़ाही के पास पहुंचा था मासूम

**भोपाल,22 जनवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सगाई समारोह में खेलते-खेलते दो साल का मासूम बच्चा गर्म तेल की कढ़ाई में गिर गया। बुरी तरह झुलसे बच्चे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सिद्धू मूसेवाला की तरह गैंगस्टर गटारू की हुई हत्या




#### बदमाशों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**जम्मू,22 जनवरी 2025(ए)।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह जम्मू में भी बदमाशों ने एक थार में बैठे गैंगस्टर गटारू पर गोलियां बरसाई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तीन हमलावरों ने लाल रंग की थार गाड़ी में सवार गैंगस्टर सुमित जंडियाल उर्फ गटारू को नजदीक से चार गोलियां मारीं। तीन गोलियां गटारू को लगीं। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर एक स्कूटी सवार को धक्का माकर उसकी स्कूटी छीनकर फरार हो गए। गटारू हत्याकांड को प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह ही अंजाम दिया गया है।

# पुष्पक ट्रेन दुर्घटना में 12 की मौत

### » लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने कुचला:12 की मौत,40 घायल,आग की अफवाह फैली,लोग कूदकर ट्रैक पर खड़े थे



**जलगांव,22 जनवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया।

जलगांव एसपी ने 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। जबकि विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले ने पीटीआई को 12 शव सिविल अस्पताल भेजे जाने की जानकारी दी।

40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है।

#### ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं

गाड़ी नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस बेंगलुरु से नई दिल्ली जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल या 'ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग)' के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गए।

#### अफवाह फैलाने वाले का पता लगाया जाएगा

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने जलगांव रेल हादसे पर कहा, हमने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है। लखनऊ जंक्शन पर इमरजेंसी बूथ है, वहां भी लोग जानकारी ले सकते हैं। अफवाह किसने फैलाई और किस तरह की अफवाह थी, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

#### मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हुई

हादसे में मरने वालों की संख्या 11 से बढ़कर 12 हो गई है। विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 12 शवों को पास के सिविल अस्पताल भेजा गया, जबकि छह से सात लोग घायल हो गए।

#### पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करें

मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महाराष्ट्र के जलगांव में पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफ़वाह से कई लोगों की मृत्यु की ख़बर बेहद पीड़ादायक है। बहुत से लोग घायल भी हुए हैं। पीड़ितों के शोकाकुल परिजन के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं,दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए हम प्रार्थना करते हैं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''सरकार व प्रशासन से अनुरोध है कि पीड़ितों को त्वरित व उचित मुआवजा दिया जाए व अफ़वाह फैलाने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करें।'

#### क्या पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी? जलगांव हादसे पर खड़गे ने की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में आग की अफवाह के बाद हुए रेल हादसे में कई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतर गए कुछ यात्री पास की पटरी पर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गये और इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

# प्रयागराज में यूपी कैबिनेट की हुई बैठक

### » मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



**प्रयागराज,22 जनवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट बैठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रयागराज में हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों का उद्देश्य राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना है।

#### प्रयागराज-चित्रकूट और वाराणसी में विकास योजनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान घोषणा की कि प्रयागराज-चित्रकूट क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार मध्य प्रदेश की सीमा तक, रीवा तक किया जाएगा। इसी तरह, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

#### नए विकास क्षेत्रों का गठन

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन किया जाएगा, ताकि इन क्षेत्रों में विकास की गति तेज हो सके और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

#### नए मेडिकल कॉलेज,62 नए आईटीआई पर लगी मुहर

यूपी कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि केजीएमयू सेंटर को मेडिकल कॉलेज में बदला जाएगा। इसके अलावा, हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे। 62 नए आईटीआई और 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र भी बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भी भाग लिया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और अन्य मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम योगी ने प्रवासी पक्षियों को दाना भी खिलाया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में देखा गया।

#### राजनीतिक बयान और आलोचना

बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी को मानसिक और दृष्टि दोष हो गया है, उन्हें इसका इलाज करवाना चाहिए। कुंभ के दौरान राजनीति करना और ऐसे बयान देना बहुत गंदी बात है।÷ मौर्य ने यह भी कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करेंगे कि अखिलेश यादव को सद्बुद्धि मिले।





### हमने करवाया था प्रयागराज महाकुंभ में सिलेंडर ब्लास्ट:खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि इस घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। संगठन ने इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि यह पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला है। यह ब्लास्ट योगी को केवल अलर्ट है। यह शुरुआत है। हालांकि इस ईमेल की सत्यता की पुष्टि कोई नहीं करता

# केंद्र सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा



**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025(ए)।** केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए कच्चे जूट पर एमएसपी में इजाफा कर दिया है। बुधवार को कैबिनेट की बैठक के परिणामों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ये जानकारी शेयर कौ। उन्होंने बताया कि विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को बढ़ाकर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दी गई है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के बाद कच्चे जूट की एमएसपी में 6 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। मौजूदा एमएसपी के आधार पर देखें तो सरकार की ओर से ये समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर विपणन सत्र 2025-26 के लिए 5,650 रुपये किया गया है।

# अंतरिम जमानत देने से पेंडोरा बॉक्स खुल सकता है...

### ताहिर हुसैन के मामले में जज ने ऐसा क्यों कहा?




**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर खंडित फैसला सुनाया। हुसैन ने इस याचिका में विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने हुसैन की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह कोई मामला नहीं बनता, जबकि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

इस मुद्दे पर फैसला करने के वास्ते नई पीठ के गठन के लिए मामला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के समक्ष रखा जाएगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी 2020 को हिंसा भड़क उठी थी जिसमें 53 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। हुसैन फरवरी 2020 में हुए दंगों के एक मामले में आरोपी हैं जो खुफिया ब्यूरो के कर्मचारी अंकित शर्मा की मौत से जुड़ा है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, 26 फरवरी, 2020 को शिकायतकर्ता रविंदर कुमार ने दयालपुर पुलिस स्टेशन को सूचित किया कि उनका बेटा अंकित शर्मा 25 फरवरी, 2020 से लापता है. दंगा प्रभावित क्षेत्र के खजूरी खास नाले से शर्मा का शव बरामद किया गया और उनके शरीर पर चोटों के 51 निशान थे।. लाइव एंड लॉ के मुताबिक, न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने याचिका खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि ताहिर हुसैन अंतरिम जमानत के लिए मामला बनाने में विफल रहे, जबकि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह इससे सहमत नहीं हैं। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन ने कहा कि हुसैन को अंतरिम जमानत दी जानी चाहिए। दरअसल, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हुसैन की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें हाईकोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधानसभा में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए ताहिर को हिरासत में पैरोल दी थी।

# एक्ट्रेस जाह्नवी मोदी का किडनैप



#### मां के सामने हुई वारदात

**बीकानेर 22 जनवरी 2025(ए)।** राजस्थान के बीकानेर में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब पॉपुलर सोशल मीडिया एक्ट्रेस और कॉमेडियन जाह्नवी मोदी (25) का किडनैप कर लिया गया। घटना बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के बाजार में शाम 7 बजे हुई, जब जाह्नवी अपनी मां पुष्पा मोदी (46) के साथ बाजार में घूम रही थीं। इस दौरान बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवकों ने आकर जाह्नवी को खींच लिया और उसकी मां को धक्का देकर उसे बेहोश कर एक कार में डालकर ले गए।

जाह्नवी मोदी का इंस्टाग्राम पर 23 हजार से अधिक फॉलोवर हैं और वह मारवाड़ी लैंग्वेज में बनने वाली शॉर्ट मूवीज और कॉमेडी सीरियल्स में भी सक्रिय रहती थीं। उनके शो को लाखों लोग देखते हैं, जिसमें सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं।जाह्नवी की मां ने एफआईआर में एक युवक तरुण सिकलीगर पर शक जताया है, जो बीकानेर का रहने वाला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द से जल्द जाह्नवी को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कैलाश सांदू ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामले की गहरी छानबीन की जा रही है।




### मां के इलाज के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था आरोपी

**मुंबई ,22 जनवरी 2025(ए)।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर अटैक मामले में जांच जैसे-जैसे गति पकड़ रही है, नए-नए खुलासे हो रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार सैफ पर हमले का आरोपी अपनी मां के इलाज के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है और अपनी मां के इलाज के लिए बांग्लादेश भागने के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था।आरोपी पहले भी कई अपराध कर चुका है। वह पहले पश्चिमी मुंबई के अपमार्केट वर्ली इलाके स्थित रेस्तरां में काम करता था। बाद में वह ठाणे के एक रेस्तरां में चोरी करते पाया गया। इसके बाद उसे वहां से निकाल दिया गया था।

# दीवार तोड़ते हुए कार पहली मंजिल से नीचे गिरी

#### मंजर देख कांप उठे लोग

**पुणे,22 जनवरी 2025(ए)।**महाराष्ट्र के पुणे से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां पहली मंजिल की पार्किंग में कार खड़ी कर रहे ड्राइवर ने गलती से रिवर्स गियर लगा दिया। जिससे कार पहली मंजिल की दीवार तोड़ते हुए नीचे गिर गई। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है. जिसमें हादसे की भयावहता देखी जा सकती है। पूरा मामला पुणे के विमाननगर इलाके के शुभा अपार्टमेंट का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पहली मंजिल से एक कार नीचे गिर गई। कार पीछे की दीवार से सट कर खड़ी थी। इसी दौरान ड्राइवर ने गलती से फर्स्ट गियर की जगह रिवर्स गियर लगा दिया।



जिससे कार पीछे की दीवार को तोड़ते हुए नीचे गिर गई। कार के नीचे गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

## संपादकीय

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ,जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढने् के तरीकों के आधार पर किया गया।कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढने् के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है।देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमश दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है।हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है।असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।

### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती पर आज विशेष

# साहसी व पराक्रमी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात् उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना



वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए चीन के साथ भारत के सम्बंध



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति शृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाएँ बना सकता है।

भारत गैर-प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफ़र्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदार भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है।

महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही सभी कारक आगे बढ़ने का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद-रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति शृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है। प्रौद्योगिकी सहयोग,



स्वदेशी नवाचारः भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्त्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मज़बूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मज़बूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया।

जबकि, भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति शृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाएँ बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत कपड़ा विनिर्माण के लिए इथियोपिया के साथ साझेदारी कर सकता है, जिससे निर्भरता में विविधता आएगी और भू-राजनीतिक सद्भावना बनेगी। भारत क्षेत्रीय स्थिरता का प्रबंधन करने के लिए चीन के साथ कूटनीतिक चर्चा करते हुए नागरिक और सैन्य दोनों ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, रसद के लिए पोर्ट ब्लेयर की क्षमता का विस्तार संघर्ष को बढ़ाए बिना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को दर्शाता है। यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करते हुए इंडो-पैसिफिक में आपूर्ति शृंखला कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करता है। भारत चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को कम करने के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, एपीआई और अर्धचालकों जैसे महत्त्वपूर्ण आयातों के रणनीतिक भंडार बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत लिथियम के लिए ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ साझेदारी स्थापित कर सकता है, ईवी विनिर्माण जैसे उद्योगों का समर्थन करने के लिए भंडार बना सकता है। यह भू-राजनीतिक तनावों के दौरान घबराहट से प्रेरित निर्भरता को कम करते हुए आपूर्ति शृंखला लचीलापन सुनिश्चित करता है। कपड़ा और खिलौने जैसे क्षेत्रों में सस्ते चीनी आयात का मुकाबला करने के लिए, भारत ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के साथ उन्हें एकीकृत करके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एक जिला, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के तहत उत्पादों का निर्यात करते हुए अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफ़ॉर्म के साथ साझेदारी करके पोचमपल्ली रेशम, बनारसी साड़ियों और भारतीय लकड़ी के खिलौनों की वैश्विक स्तर पर पहुँच बढ़ाई जा सकती है। यह भारत के एम्एसमीई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए कम तकनीक वाले क्षेत्रों में चीनी आयात पर निर्भरता को कम करता है। भारत-चीन सम्बंध अभिसरण और घर्षण दोनों से चिह्नित हैं, जिसके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि व्यापार, जलवायु कार्यवाही और बहुपक्षीय सहयोग जैसे क्षेत्र अवसर प्रदान करते हैं, सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। भारत को आत्मनिर्भरता और आपूर्ति शृंखला विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक सावधानी के साथ जुड़ाव को संतुलित करना चाहिए। गठबंधनों को मज़बूत करना, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। एक व्यावहारिक और बहुआयामी रणनीति अपनाकर, भारत क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

## कविता
## एक और प्रयास करूंगा मैं

घटती-घटना

श्याम सुंदर साहू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

एक और प्रयास करूंगा मैं
काबिल होकर कामयाब न हुआ,
थोड़ा और अभ्यास करूंगा मैं।
संजोए सपना मेरा पूरा न हुआ,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।
आज भले असफलता मिली हो,
कल सफलता पाकर रहूंगा मैं।
परिस्थितियां चाहे प्रतिकूल हो,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।
ठोकर खाकर गिर जाऊं अगर,
उठकर खड़ा हो जाऊंगा मैं।
कितना भी कठिन हो डगर,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।
अंधकार का सीना चीरकर,
उजाले की तरफ बढ़ूंगा मैं।
नहीं बैठूंगा हिम्मत हारकर,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।
मंजिल की राह भले कठिन हो,
इन कठिन राहों पर चलूंगा मैं।
लक्ष्य मुझसे कितना भी दूर हो,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।
निराशा को मन से निकालकर,
आशा का दीप जलाऊंगा मैं।
अपने सीने मे जूनून पैदाकर,
एक और प्रयास करूंगा मैं।।

## कविता
## नेता जी


घटती-घटना
लक्ष्मीनारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद
छत्तीसगढ़



लिया जन्म तेइस जनवरी को एक बाल।
धरा हुआ हर्षित देखकर यह अद्भुत लाल।।
धन्य- धन्य कटक की यह माटी पावन ।
जहाँ जन्मे वीर सुभाषचंद्र बोस भावन।।
स्वाधीनता का एक प्रखर नायक थे बोस।
देख इनको उड़ जाते थे फिरंगियों के होश।।
भारत माँ को दिए वचनों को किये साकार।
मांगे खून दिया आजादी का उत्तम उपहार।।
क्रांतिकारी थे भारत के सभी ये महान।
उनमें सुभाष चंद्र बोस को भी एक जान।।

# स्वामित्व योजना के तहत बनाए गए संपत्ति कार्ड द्वारा सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

18 जनवरी,2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है



- महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है।

-सुशील कुमार लोहानी-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# कांग्रेस के कारण नगरीय निकाय में जनता रही विकास से वंचित,भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूराःप्रबोध मिंज

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में लुंड्रा विधायक एवं अंबिकापुर निगम के पूर्व महापौर प्रबोध मिंज ने भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया , जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी , जिला संवाद प्रमुख संतोष दास एवं सह संवाद प्रमुख रुपेश दुबे की उपस्थिति में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।



प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही ÷जनादेश परब÷ में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। मिंज ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के वन नेशन वन एलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं । आगे उन्होंने कहा कि इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री मिंज ने कहा कि भाजपा ने अपने मंत्र ÷हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे÷ के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। मिंज ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नगर निगमों में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप्प कर दिए गए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था,और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही थी। विकास के कार्य ठप्प पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूँकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 कि.मी. से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

## रक्तदान के क्षेत्र में सरगुजा बना उदाहरणःराष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा औषधि विक्रेता संघ का कदम सराहनीय




**रक्तदान शिविर का कार्यक्रम**

तिथि-24 जनवरी 2025

दिन-शुक्रवार

समय-सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

स्थान-केमिस्ट भवन, अम्बिकापुर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

रक्तदान को महादान कहा जाता है, और इसी को सार्थक करते हुए छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने समाज को प्रेरित करने वाली पहल की है। संघ द्वारा 24 जनवरी 2025 को रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस शिविर में समाज के सभी वर्गों और औषधि विक्रेता समुदाय को रक्तदान के लिए आमंत्रित किया गया है। संघ का यह कदम न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और मानवता के प्रति समर्पण का उदाहरण बन रहा है।

### रक्तदान की बढ़ती आवश्यकता

भारत में हर साल लाखों लोगों को रक्त की आवश्यकता होती है। दुर्घटनाओं, सर्जरी, और गंभीर बीमारियों के दौरान समय पर रक्त न मिलने से कई अनमोल जिंदगियां खत्म हो जाती हैं। ऐसे में सरगुजा औषधि विक्रेता संघ का यह प्रयास अन्य संगठनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

### समाज को प्रेरित करने की अपील

संघ के अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा, रक्तदान से न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि यह हमारे समाज को अधिक दयालु और सहयोगी बनाता है। हम पूरे देश से आग्रह करते हैं कि वे भी इस पहल को अपना समर्थन दें और रक्तदान के महत्व को समझें। इस अभियान का हिस्सा बनकर न केवल जरूरतमंदों की मदद करें, बल्कि समाज को यह संदेश दें कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## नामांकन पक्रिया के पहले दिन महापौर के लिए 1 व पार्षद पद के लिए 15 लोगों ने खरीदे नामांकन फॉर्म

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 22 जनवरी को अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र क्रय करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन दाखिल के पहले दिन महापौर के लिए 1 और वार्ड पार्षदों के लिए 15 अभ्यर्थियां ने नामांकन फॉर्म खरीदे। जबकि पहले दिन किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

नामांकन क्रय करने के पहले दिन महापौर के लिए मायापुर के लरंगसाय वार्ड से राजीव लकड़ा, वहीं पार्षद के लिए वार्ड क्रमांक 47 से संतोला सिंह, वार्ड क्रमांक 40 के सोहेल आदिल ,वार्ड क्रमांक 38 से अशोक अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 42 से मो.फिरोज, वार्ड क्रमांक 20 से महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 24 से विजय सोनी, वार्ड क्रमांक 21 से प्रति राजवाड़े , वार्ड क्रमांक 22 से संगीता जायसवाल, शास्त्री वार्ड क्रमांक 31 से शुभांकर पाण्डेय पिता, वार्ड क्रमांक 34 से संजीव मदिलवार, वार्ड क्रमांक 34 से कमलेश्वर विमल मंदिलवार, वार्ड क्रमांक 26 से अनेक गुप्ता, वार्ड क्रमांक 31 से धीरज लाल, वार्ड क्रांक 25 से प्रभा शर्मा, वार्ड क्रमांक 34 से आकाश शुक्ला नामांकन पत्र खरीदे हैं।



### नामांकन का अंतिम तिथि 28 जनवरी तक

28 जनवरी तक नामांकन पत्र क्रय किया जाएगा। 29 जनवरी नांमाकन पत्रों की संवीक्षा हेतु निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी रखी गई है। इसके साथ ही निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशन करने और निर्वाचन प्रतीकों के आबंटन हेतु 31 जनवरी निर्धारित की गई है। मतदान 11 फरवरी को होगा तथा मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 15 फरवरी को की जाएगी।

## दो दोस्तों के अपहरण के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को एमपी सागर से किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

शहर के बुधवारी बाजार से 19 जनवरी की रात को दो युवकों का अपहरण कर लिया गया था। मामले में गांधीनगर पुलिस ने 6 आरोपियों को एमपी सागर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ा दमाली निवासी इंदर साय मरावी ने 20 जनवरी को गांधीनगर थाने में अपने बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका बेटा दिनेश मरावी 19 जनवरी की शाम करीब 6-7 बजे अंबिकापुर जाने की बात कहकर घर से अकेले निकला था। रात करीब 12 बजे दिनेश ने अपने मोबाइल से बहू को फोन कर कहा कि वह अपने दोस्त काबिल अंसारी के साथ रात करीब 9 बजे अजिरमा स्थित बुधवारी बाजार के पास था। इसी बीच अज्ञात लोग आए और हम दोनों का अपहरण कर ट्रेन में बैठाकर कहीं ले जा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि अपने घर से पैसे की मांग करो, वरना दोनों को जान से मारकर फेंक देंगे। इसकी जानकारी बहू से मिलने पर उसने 2 मोबाइल नंबर पर 15 हजार व 20 हजार रुपए डाल दिए। इसके बाद दिनेश का मोबाइल बंद बता रहा है। वहीं दिनेश के दोस्त काबिल अंसारी के मोबाइल से फोन कर और फिरौती की मांग की जा रही है। रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 140(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। 2 युवकों के अपहरण मामले में एसपी योगेश पटेल ने टीम गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अपहृत दिनेश मरावी व काबिल अंसारी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम टड़ा सांईपुर सानोदा पहुंची।




यहां मुकेश दुबे के घर से पुलिस ने दोनों युवकों को बरामद किया। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि आरोपियों में से सोनू राय, रामनरेश तिवारी व राहुल जैन की शादी नहीं हुई थी। शादी के लिए वे लडक़ी ढूंढ रहे थे। इस दौरान परिचित के माध्यम से आरोपी साहिद खान को अपहृत युवक काबिल अंसारी का फोन नंबर मिला था। बातचीत के दौरान काबिल ने कहा था कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में उन्हें लड़कियां मिल जाएंगीं। इसके बाद तीनों आरोपी अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पहले से मौजूद काबिल और उसका साथी तीनों को लेकर दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा दमाली पहुंचे। बड़ा दमाली में वे दूसरा अपहृत दिनेश मरावी के घर में 3 लड़कियों से मिले। लडकियां पसंद आने पर सागर मध्यप्रदेश जाकर लड़कियों से शादी करने की बात तय हुई। लड़कियां पसंद आने के बाद काबिल और दिनेश ने तीनों लड़कियों के घरवालों को रुपए देने कहा। इस पर आरोपियों ने 1 लाख 32 हजार रुपए फोन पे पर ट्रांसफर किया, जबकि 12 हजार रुपए नकद दिए। इसके बाद 19 जनवरी की रात करीब 8.30 बजे दिनेश व काबिल तीनों लड़कियों व तीनों आरोपियों के साथ रेलवे स्टेशन अंबिकापुर पहुंचे। यहां आरोपी शाहिद और काबिल ट्रेन की टिकट खरीद रहे थे। इस बीच आरोपी राहुल जैन ने उन्हे बताया कि तीनों लड़कियां भाग निकली हैं। इसके बाद आरोपियों ने काबिल और दिनेश को पकड़ लिया और रुपए वापस करने की धमकी देने लगे। जब काबिल व दिनेश ने रुपए देने से इनकार किया तो उनके साथ मारपीट की। आरोपियों द्वारा काबिल व दिनेश को ट्रेन में बैठाकर मध्यप्रदेश के सागर पहुंचे। यहां उन्होंने दोनों को आरोपी मुकेश दुबे के मकान में बंद कर दिया और रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। धमकी देकर आरोपियों ने दिनेश और काबिल को उनके मोबाइल से परिजनों से बात कराई और 75 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए थे। गिरफ्तार आरोपियों में साहिद खान पिता आयुब खान 34 वर्ष निवासी नगर पालिका पथरिया दमोह मध्यप्रदेश, सोनू राय उर्फ हल्लू पिता केशव प्रसाद राय 32 वर्ष निवासी गणेशगंज साहीपुर सानोदा सागर मध्यप्रदेश, राहुल जैन उर्फ मोनू पिता स्व. दरबारी लाल जैन 34 वर्ष निवासी टड़ा सांईपुर सानोदा सागर मध्यप्रदेश, मुकेश दुबे पिता स्व. रामसेवक दुबे 35 वर्ष निवासी टड़ा सांईपुर सानोदा सागर, राशिद खान पिता उदित खान 36 वर्ष निवासी बोतराई थाना पथरिया दमोह मध्यप्रदेश व रामनरेश तिवारी पिता स्व. कमल कुमार तिवारी 38 वर्ष निवासी जोरतला कला थाना पथरिया दमोह मध्यप्रदेश शामिल हैं।

## कलेक्टर ने विकासखण्ड लुण्ड्रा के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का लिया जायजा

### निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण,गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूर्ण किए जाने दिए निर्देश,स्कूल,आंगनबाड़ी केंद्र,छात्रावास में देखी व्यवस्था



-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोसकर बुधवार को प्रशासनिक अमले के साथ विकासखण्ड लुण्ड्रा क्षेत्र के दौरे पर निकले। उन्होंने यहां धान खरीदी केन्द्रों, निर्माणाधीन सड़कों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों का निरीक्षण किया।



कलेक्टर श्री भोसकर ने सबसे पहले धान उपार्जन केंद्र बटवाही, उपार्जन केंद्र लुण्ड्रा, उपार्जन केंद्र बरगीडीह का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबन्धकों से खरीदी के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान बेचने आए किसानों से धान बेचने और राशि के भुगतान पर फीडबैक लिया। उन्होंने इस दौरान सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर श्री भोसकर ने क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने करेसर से करिलधोवा कोरवापारा अमगांव लंबाई 1.280 किमी, मेन रोड मोहरा से धमनापारा लंबाई 1.275 किमी एवं गेरसा से चितालता लंबाई 2.375 किमी का निरीक्षण किया तथा जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर श्री भोसकर द्वारा प्राथमिक शाला महोरा, आंगनबाड़ी केंद्र महोरा, प्राथमिक शाला गेरसा का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सहित शिक्षण सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके पश्चात श्री भोसकर आदिवासी बालक आश्रम कुदर पहुंचे, उन्होंने यहां बच्चों शयनकक्ष, शौचालय तथा आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## समाचार-सार

### पत्नी से बात करते पति गिरकर बेहोश हुआ,चिकित्सक ने मृत घोषित किया

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

शहर के खरसिया नाका के पास बस से उतरकर पत्नी से बात कर रहा पति अचानक गिरकर बेसुध हो गया, आननफानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के ग्राम तेहर सिंहपुर, जिला शहडोल निवासी अरूण कुमार पटेल पिता हीरालाल पटेल 35 वर्ष का ससुराल सरगुजा जिला के दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम जोहना में है। 17 जनवरी को वह अपने ससुराल आया था। 22 जनवरी को वह अपनी पत्नी के साथ बस से गृहग्राम तेहर सिंहपुर जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि दोनों बस से खरसिया नाका के पास उतरे और आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच अरूण गिरकर बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर मृतक के ससुराल पक्ष के लोग और स्वजन अंबिकापुर पहुंचे। युवक के मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल पाएगा।

### कीटनाशक सेवन किए युवक व महिला की मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

**अंबिकापुर।** कीटनाशक सेवन के मामले में एक युवक और एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया जशपुर जिला के सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम शोभाबहरा निवासी दीपक टोप्पो पिता जिन्शु टोप्पो 28 वर्ष 10 जनवरी को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार के बाद स्वजन उसे होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे। यहां इलाज के दौरान 21 जनवरी को वह दम तोड़ दिया। एक अन्य मामले में सूरजपुर जिला के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकपुर की बिजारो अगरिया पति सोमार साय 43 वर्ष, 12 जनवरी को अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर ली थी। क्षेत्रीय अस्पताल से रिफर करने पर स्वजन उसे होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे थे, यहां 21 जनवरी को शाम 5 बजे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

### आग से झुलसी वृद्ध महिला की मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

आग से झुलसी सूरजपुर जिला के चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बसेराकला निवासी फूलकुमारी पति फूलचंद गोड़ 70 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका 14 जनवरी को घर में आग तापते समय कपड़े में आग पकडऩे से झुलस गई थी। स्वजन उसे क्षेत्रीय अस्पताल से रिफर करने पर होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# युद्ध विराम समझौते के बीच इस्राइल ने वेस्ट बैंक के जेनिन क्षेत्र को बनाया निशाना,10 फलस्तीनियों की मौत

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025।** यह हमला इस्राइल और हमास के बीच लागू हुए युद्ध विराम समझौते के तीन दिन बाद हुआ है। इस हमले के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा के बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। इस्राइल-हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्ध विराम समझौता फिलहाल लागू हो गया है, लेकिन इस बीच कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन क्षेत्र में इस्राइली सेना ने एक बड़ा सैन्य अभियान किया है। इसमें 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई है और करीबन 40 लोग घायल हो गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी। हालांकि मरने वालों की पहचान अभी साफ नहीं हुई है। फलस्तीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन क्षेत्र में मंगलवार को इस्राइली सुरक्षा बलों ने एक के बाद एक कई हवाई हमले किए। इससे पहले, इस्राइली सेना ने मंगलवार को पहले कहा था कि सुरक्षा बलों और खुफिया सेवाओं ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने इस अभियान को आयरन वॉल नाम दिया है। हालांकि आईडीएफ ने ज्यादा जानकारी नहीं दी थी। वहीं, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आईडीएफ द्वारा



चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जेनिन क्षेत्र से आतंकवाद का त्मा करना है। उन्होंने कहा कि इस इलाके को लंबे समय से फलस्तीनी सशस्त्र समूहों का गढ़ माना जाता है।

### युद्ध विराम लागू होने के तीन दिन बाद हुआ हमला

यह हमला इस्राइल और हमास के बीच लागू हुए युद्ध विराम समझौते के तीन दिन बाद हुआ है। इस हमले के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा के बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं, फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) के सुरक्षा बलों के प्रवक्ता ने इस सैन्य अभियान को फलस्तीन के खिलाफ हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लाइल की सेना ने अचानक हमारे नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने इस कार्रवाई को आक्रमण करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत जल्दी में हुआ। अचानक से आसमान में अपाचे विमानों ने हम पर हवाई हमले किए और फिर हर जगह इस्राइली सैन्य वाहनों ने रेड कर दी। उन्होंने कहा कि इस्राइली सेना के आने से पहले जेनिन शरणार्थी शिविर के आस-पास के अपने ठिकानों से हट गए थे। फलस्तीनी मीडिया का कहना है कि इस्राइली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर को घेर रही है। इस्राइली बलों ने बुलडोज़रों से कई सड़कों को खोद दिया है।

### इस्राइली सेना के शीर्ष जनरल ने दिया इस्तीफा

इससे पहले, इस्राइली सेना के एक शीर्ष जनरल ने सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमलों को रोकने में नाकामी के लिए मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। इन हमलों के बाद ही गाजा युद्ध की शुरुआत हुई। लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलवी ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। जनरल हलवी ने इस्तीफा ऐसे समय में दिया है, जब गाजा में युद्धविराम जारी है। युद्धविराम के साथ हमास के लड़ाके गाजा की सड़कों वापस दिखाई दे रहे हैं, जिससे साबित होता है कि हमास अभी भी गाजा पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। पिछले पंद्रह महीनों से जारी युद्ध में 46 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और भारी तबाही हुई है। यह युद्ध तब शुरू हुआ, जब हमास के नेतृत्व में अक्तूबर 2023 में इस्राइल के दक्षिण हिस्से पर हमले किए गए। इन हमलों में करीब 1200 इस्राइली नागरिक मारे गए। वहीं, ढाई सौ से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। इनमें से 90 से अधिक कैदी अभी भी गाजा में हैं। एक तिहाई बंधक मारे गए हैं।

# प्राथमिक शाला के आवश्यक सुधार के दिए थे निर्देश,काम पूरा होने के बाद कलेक्टर ने लिया जायजा

**गेरसा से सुदूर ग्राम चितालाता निर्माणाधीन सड़क कार्य का किया निरीक्षण,आवागमन के लिए लगभग तैयार**










-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने बीते अगस्त माह में प्रशासनिक टीम के साथ विकासखण्ड लुण्ड्रा के सुदूर ग्रामों का दौरा किया था जिसमें सुदूर क्षेत्र में बसा ग्राम चितालाता भी शामिल रहा। पूर्व ने हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस पहाड़ी कोरवा बहुल ग्राम में पहुंच मार्ग और स्कूल की स्थिति देखी। जंगल, घाट के दुर्गम रास्ते से ग्राम तक पहुंचना मुश्किल था, जहां कलेक्टर श्री भोसकर स्वयं बाइक चलाकर ग्रामवासियों से मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर श्री भोसकर के निर्देश के बाद आज लगभग 4 महीनों बाद कि स्थिति ऐसी है कि चारपहिया वाहन भी आसानी से ग्राम तक पहुंच रहा है। बुधवार को कलेक्टर श्री भोसकर निर्माणाधीन सड़क का जायजा लेने पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारी ने बताया कि गेरसा से चितालाता मार्ग की लम्बाई 2.375 किलोमीटर है, जिसमें मिट्टी कार्य, जीएसबी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़क का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।







### प्राथमिक शाला के आवश्यक सुधार के दिए थे निर्देश,काम पूरा होने के बाद लिया जायजा

कलेक्टर श्री भोसकर ने ग्राम चितालाता पहुंचकर स्कूल का निरीक्षण किया था जहां स्कूल की जर्जर स्थिति देख आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। दिनांक 30 सितंबर को स्कूल का काम पूरा हुआ। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद शाला का जायजा लिया काम का जायजा लिया।स्कूल में छत, दीवारों और फर्श की मरम्मत की गई है। कलेक्टर श्री भोसकर इस दौरान बच्चों से मिले और उनके साथ भोजन किया।



# आबकारी विभाग की कार्रवाई, दो प्रकरण में अंग्रेजी व महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर 22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

आबकारी उडऩ्दस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में बलरामपुर जिले के बलंगी आबकारी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट जांच के लिए निकली थी। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर थाना रघुनाथ नगर निवासी रामनारायण साहू के कब्जे से उत्तर प्रदेश राज्य की किंगफिशर स्ट्रांग बीयर 8 नग, लेमन ब्लू देसी मसाला 8 नग तथा मैकडॉवेल नंबर-1 तीन नग तथा 5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 11.14 लीटर अंग्रेजी एवं महुआ शराब जप्त किया गया। वहीं बलंगी चौकी अंबिकापुर अंतर्गत बलंगी निवासी आदित्य कुशवाहा के घर से उत्तर प्रदेश राज्य की 18 नग आफ्टर डार्क का पाव, 20 नग नंबर वन का पाव तथा 23 नग किंगफिशर स्ट्रॉन्ग कैन बियर जप्त किया गया,, कुल 18.340 लीटर उत्तर प्रदेश राज्य की विदेशी मदिरा जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)34(2) 36 एवं 59 ( क) के तहत अपराध पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रामानुजगंज में पेश किया गया जहां से जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा की गई। हमराह स्टाफ में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम अशोक सोनी नगर महिला सैनिक राजकुमारी एवं संगीता एवं नीरज चौहान का विशेष सहयोग रहा।

# नैक टीम ने पीजी कॉलेज का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में 22 जनवरी को नेशनल असेसमेंट एण्ड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) की टीम द्वारा निरीक्षण प्रारंभ किया गया। अम्बिकापुर पहुंचने पर नैक पीयर टीम के चेयरपर्सन डॉ.बीआर दुग्गर कुलपति जैन विश्वभारती इंस्टीट्यूट राजस्थान, मेम्बर को-आर्डिनेटर डॉ. विश्वनाथ कैलाश मंगलगंगोत्री कर्नाटक एवं डॉ.थंगवेल रूक्मनमादन पासकुट्टी, तामिलनाडु का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अपर संचालक सरगुजा संभाग प्रो.रिजवान उल्ला, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक डॉ.आरके मिश्रा, स्टीयरिंग कमेटी के संयोजक, डॉ.एसएन पाण्डेय, सदस्य डॉ. कामिनी व आईक्यूएसी के सदस्य विनीत गुप्त द्वारा किया गया। महाविद्यालय के गेट पर प्राचार्य एवं आईक्यूएसी समन्वयक एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा नैक टीम की अगवानी की गई। फिर एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर तथा विद्यार्थी सरगुजा की संस्कृति शैली में अभिनंदन करते हुए टीम को महाविद्यालय के मुख्य द्वार तक ले गए। स्वागत की औपचारिकाओं के बाद नैक दल के तीनों सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के गार्डन में पौधारोपण किया गया। इसके



पश्चात् महाविद्यालय के पूर्व छात्र जो शहीद हो गए, उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के निरीक्षण के प्रथम चरण में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध समस्त सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्य एवं अन्य विवरण प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात विभागों का प्रेजेंटेशन हुआ साथ ही आईक्यूएसी ने भी अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। नैक टीम ने महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र, पूर्व छात्र एवं अभिभावकों के साथ बैठक की। इसके बाद शोध अध्ययन केन्द्रों, एनसीसी, एनएसएस इत्यादि सभी विभागों का निरीक्षण किया। शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ भी बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई । प्रथम दिवस के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। आज 23 जनवरी को टीम महाविद्यालय के शेष गतिविधियों का निरीक्षण करेगी।

# अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापना एक वर्ष पूर्ण होने पर भंडारा का आयोजन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,22 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

अयोध्या राम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का 22 जनवरी को एक साल पूरा हो गया है। इसे लेकर राम भक्त उत्साहित हैं। हालांकि हिंदू पन्चांग के अनुसार वर्ष 2024 में, 22 जनवरी को जिस दिन अयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी, उस दिन पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि थी, वर्ष 2025 में यह तिथि 11 जनवरी को पड़ रही थी। ऐसे में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक साल 11 जनवरी को ही पूरा हो गया है। यही वजह है कि हिंदू तिथि अनुसार 2025 में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11



जनवरी को मनाई गई थी। इस दिन को प्रतिष्ठा द्वादशी नाम से जाना गया था। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अयोध्या राम मंदिर में 11 जनवरी से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए थे। इसके बाद भी श्री राम के भक्त उत्साहित होकर भक्तिभाव से पूजार्चना करके गोधनपुर सहित कुछ अन्य स्थलों में भंडारा प्रसाद कराने में लगे नजर आए। देखा जाए तो 22 जनवरी जीवन के महत्व को समझने और उसे संजोने के लिए समर्पित दिन भी है। इस दिन लोग अपने जीवन को पॉजिटिव दृष्टिकोण से देखते हैं। ऐसे मौके पर युवा वर्ग का भक्तिभाव की ओर कदम बढ़ाना श्रेयस्कर कदम है।

CMYK

# नामांकन कक्षों का कलेक्टर एस जयवर्धन ने किया निरीक्षण

## रिटर्निंग अधिकारी सहित निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

## नगर पालिका परिषद सूरजपुर से अध्यक्ष पद हेतु नाम निर्देशन का फॉर्म श्रीमती देवंती साहू द्वारा लिया गया





-संवाददाता-
सूरजपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन ने आज नगरीय निर्वाचन 2025 अंतर्गत आवश्यक तैयारियों के संबंध में नाम-निर्देशन हेतु निर्धारित कक्षों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी और कार्य में लगे सहायक अधिकारियों-कर्मचारियों से निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने नाम-निर्देशन कक्ष में आवेदन जमा करने के दौरान प्रत्याशियों और आर.ओ. के बीच सुविधाजनक दूरी निर्धारित करने, सहयोगी कर्मचारियों द्वारा निर्धारित रजिस्टर का संधारण करने तथा प्रस्तावकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाम निर्देशन से जुड़े दस्तावेजों का बारीकी से जांच करने और पावती देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शपथ पत्र में कोई भी कालम न छुटे।

कलेक्टर ने नाम-निर्देशन कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था एवं उनके कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और प्रस्तावकों को दी जाने वाली जानकारी तथा उनसे आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वयं जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाम-निर्देशन प्रक्रिया से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों-कर्मचारियों के आने-जाने की व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नाम निर्देशन कक्ष की जानकारी के लिए बाहर पोस्टर चस्पा करने के भी निर्देश दिए।

नगर पालिक परिषद सूरजपुर एवं नगर पंचायत (बिश्रामपुर, जरही, भटगांव, प्रतापपुर) में निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन की प्रक्रिया आज 22 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। नगर पालिका परिषद सूरजपुर के लिए न्यायालय डिप्टी कलेक्टर व नगर पंचायत बिश्रामपुर के लिए न्यायालय उप तहसील पिलखा (बिश्रामपुर), नगर पंचायत जरही के लिए कार्यालय नगर पंचायत जरही, नगर पंचायत भटगांव के लिए न्यायालय उप तहसील भटगांव, नगर पंचायत प्रतापपुर के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रतापपुर में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए कक्ष निर्धारित किए गए हैं। नगर पालिका परिषद सूरजपुर के लिए 18 वार्ड एवं नगर पंचायत भटगांव के 15 वार्ड, नगर पंचायत प्रतापपुर के 15 वार्ड, नगर पंचायत जरही के 15 वार्ड व नगर पंचायत



बिश्रामपुर के 15 वार्डों के लिए क्रमवार आरक्षण का निर्धारण किया गया।

नगर पालिका परिषद सूरजपुर से अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन का एक फॉर्म श्रीमती देवंती साहू द्वारा लिया गया है।

## कलेक्टर ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए शस्त्र जमा करने के दिए आदेश

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। शांतिपूर्ण चुनाव हेतु शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र, चुनाव अवधि के दौरान जमा कराया जाना अति आवश्यक है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, जिला मजिस्ट्रेट, सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन सूरजपुर ने आदेश जारी किया है कि जिले में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने हेतु तथा लोक शांति व आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए सूरजपुर जिला अंतर्गत नगरपालिका परिषद् सूरजपुर, नगर पंचायत विश्रामपुर/जरही/भटगांव/ प्रतापपुर तथा जिले के जनपद पंचायत सीमा क्षेत्र में शस्त्र लायसेंसधारियों से शस्त्र जमा करवा लेना आवश्यक है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय व आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। जारी आदेश के द्वारा आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश में उल्लेखित कुछ व्यक्तियों/संस्था को छोड़कर सूरजपुर जिला अंतर्गत नगरपालिका परिषद् सूरजपुर, नगर पंचायत विश्रामपुर/जरही/भटगांव/प्रतापपुर तथा जिले के जनपद पंचायतों के सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले अन्य समस्त शस्त्र लायसेंसधारियों को आदेशित किया गया है कि अपने अपने अस्त्र शस्त्र निकटतम पुलिस थाना में 07 दिवस के भीतर जमा करायें। यह आदेश जिले के नगरपालिका परिषद् सूरजपुर, नगर पंचायत विश्रामपुर/ जरही/ भटगांव/प्रतापपुर तथा जिले के जनपद पंचायतों में निवासरत सभी लायसेंसधारियों तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसधारियों पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसधारी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने अस्त्र-शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025:पटना नगर पंचायत-15 वार्डों में 4,298 मतदाता

## पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

## 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को निकलेगा परिणाम

कार्यालय नगर पंचायत पटना, जिला—कोरिया (छ0ग0)

◆ नगर पंचायत पटना

| क्र. | वार्ड का नाम | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल निर्वाचकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | भगत सिंह वार्ड | 122 | 126 | 0 | 248 |
| (2) | मदन मोहन मालवीय वार्ड | 165 | 203 | 0 | 368 |
| (3) | लोकमान्य तिलक वार्ड | 191 | 212 | 0 | 403 |
| (4) | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | 163 | 156 | 0 | 319 |
| (5) | संत रविदास वार्ड | 116 | 157 | 0 | 273 |
| (6) | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड | 90 | 89 | 0 | 179 |
| (7) | शहीद वीर नारायण वार्ड | 112 | 110 | 0 | 222 |
| (8) | स्वामी विवेकानंद वार्ड | 74 | 83 | 0 | 157 |
| (9) | सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड | 222 | 206 | 0 | 428 |
| (10) | रानी लक्ष्मी बाई वार्ड | 134 | 151 | 0 | 285 |
| (11) | रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड | 122 | 110 | 0 | 232 |
| (12) | सुभाष चन्द्र बोस वार्ड | 128 | 165 | 0 | 293 |
| (13) | डॉ अब्दुल कलाम वार्ड | 127 | 126 | 0 | 253 |
| (14) | डॉ भीम राव अम्बेडकर वार्ड | 180 | 173 | 0 | 353 |
| (15) | डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | 153 | 132 | 0 | 285 |
| | कुल योग :— | 2099 | 2199 | 0 | 4298 |

-संवाददाता-
कोरिया,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले के एकमात्र नगरीय निकाय पटना नगर पंचायत में आगामी 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पटना नगर पंचायत में कुल 4,298 मतदाता ईवीएम के माध्यम से 15 वार्डों के लिए मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 2,099 और महिला मतदाता 2,199 हैं, यहाँ महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है, जबकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या निरंक है।

रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आज से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो 28 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी को होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित है। मतगणना और परिणाम घोषणा 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से होगी।

### चुनाव से जुड़ी मुख्य बातें

पटना नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 और वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने से पहले अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा। निर्वाचन व्यय सीमा अध्यक्ष पद के लिए 6 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के लिए 1 लाख तय की गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 10,000 रुपए और वार्ड पार्षद के लिए 1,000 रुपए निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के लिए यह राशि आधी होगी।

### वार्डों के नाम और मतदाता विवरण

नगर पंचायत के 15 वार्डों में भगत सिंह, मदन मोहन मालवीय, लोकमान्य तिलक, लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, चंद्रशेखर आजाद, शहीद वीर नारायण, स्वामी विवेकानंद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, रानी लक्ष्मीबाई, रविंद्र नाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अब्दुल कलाम, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड शामिल हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 4,298 मतदाता 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। मतगणना 15 फरवरी को होगी, जिसके साथ नगर पंचायत का नया नेतृत्व तय होगा।



## सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा सड़क मित्रों को हेलमेट वितरण कर प्रोत्साहन किया गया

-संवाददाता-
कोरबा,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
यातायात पुलिस एवं थाना बागों पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर एवं यातायात एवं क्राइम प्रभारी रविंद्र कुमार मीना (भा.पु.से.) के नेतृत्व में सड़क मित्रों को प्रशिक्षण , स्कूली बच्चों एवं आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी देने हेतु आज दिनांक 22/1/2024विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. उमाशंकर (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोंडी-उपरोड़ा) द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण एवं जानकारी दिया गया।इस कार्यक्रम मे श्री दिनेश लाल (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पोंडी-उपरोड़ा) भी उपस्थिति थे। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता प्रदान करने और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### सड़क मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया

सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की त्वरित सहायता के लिए प्राथमिक उपचार, सीपीआर (CPR), रक्तस्राव रोकने, घावों पर पट्टी लगाने और आपातकालीन सहायता बुलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सड़क मित्रों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे सड़क पर दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सहयोग कर सकें।

### स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई

बच्चों को सड़क पार करने के सही तरीके, जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग, ट्रैफिक सिग्नलों के महत्व और गति सीमा के पालन के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन सहायता सेवाओं (108 - एम्बुलेंस, 112 - पुलिस) को सूचित करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई। सड़क मित्रों को प्रोत्साहित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट वितरित किए गए।

## स्थानीय/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन लड़ने वाले अंत्यावसायी निगम के बकायेदारों से लिया जाएगा एनओसी

-संवाददाता-
बलरामपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अंतर्गत राष्ट्रीय निगम की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछडा वर्ग की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ईकाई ऋण मासिक किस्तों में भुगतान की शर्त पर ऋण राशि का वितरण किया गया है। हितग्राहियों द्वारा ईकाई ऋण स्थापित् करने उपरांत भी मासिक ईकाई ऋण किस्त राशि को जमा नहीं किया जा रहा है, जिससे प्रदाय किया गया ऋण कालातीत हो गया है। चूंकि राष्ट्रीय निगम से राज्य सरकार की गारंटी एवं ब्याज पर राशि प्राप्त कर वितरीत किया गया है। इस विभाग के ऋणी हितग्राहियों द्वारा स्थानीय निर्वाचन/पंचायत निर्वाचन में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद अध्यक्ष, पद पर चुनाव लड़ने की सम्भावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि निकट भविष्य में आपके अधिकार क्षेत्र अंतर्गत् स्थानीय निर्वाचन/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में बकायेदारों से जो स्थानीय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन लड़ने हेतु नामांकल दाखिल करेंगे उन पर कार्यवाही करते हुए एनओसी लिया जाना सुनिश्चित करें।

## इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन अथवा मतपत्र के माध्यम से आम निर्वाचन कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी

एमसीबी,22 जनवरी 2025(घटती-घटना)।
मतदान मशीन के मतदान यूनिट में स्थापित किये जाने के लिए पृथक पृथक दो लेबल (मतपत्र) महापौर अपना अध्यक्ष पद तथा पार्षद पद के लिए मुद्रण कराया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार महापौर अथवा अध्यक्ष पद हेतु लेबल (मतपत्र) सफेद रंग के कागज में होगा। पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल (मतपत्र) मुद्रण कराया जाना है। इसका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वार्ड के लिए दो लेबल (मतपत्र) पृथक-पृथक 2 पदों के लिए पृथक-पृथक रंग में मुद्रण कराए जाएंगे। आयोग द्वारा जारी नगरपालिका निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर के लिए निर्वाचन संदर्शिका (जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रयुक्त की जाए अध्याय 16 ÷मतदान मशीन÷ की कण्डिका 16.3 मतदान मशीनों के लिए मतदान यूनिट मतपत्र लेबल (मतपत्र) की विशिष्टिया मुद्रित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया है।उक्त से स्पष्ट है कि उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार निर्धारित लेबल (मतपत्र) (सफेद रंग) के सबसे ऊपर महापौर/अध्यक्ष मुद्रित कराया जाना है। तत्पश्चात के पैनल में महापौर/अध्यक्ष पद के निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का क्रमवार नाम एवं अंतिम नाम के पैनल के नीचे उपर्युक्त में से कोई नहीं का पैनल होगा। इसके पश्चात् के पैनल में पार्षद पद का उल्लेख किए जाने के निर्देश है। तत्पश्चात के पैनलों में पार्षद पद के अभ्यर्थियों के नाम होंगे। पार्षद पद के निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के अंतिम पैनल के नीचे उपर्युक्त में से कोई नहीं का उल्लेख किया जाना है। पार्षद पद का उल्लेख जिस पैनल पर किया जाना है। उसे दो भागों में विभक्त कर ऊपर के भाग में निर्वाचन की विशिष्टियां मुद्रित करायी जाये तथा नीचे के भाग में पार्षद पद का उल्लेख कर दिये जाने से पार्षद पद के लेवल (मतपत्र) की पहचान स्थापित की जा सकती है। दोनों पदों के लेबल (मतपत्र) में विशिष्टियां बाई ओर के कोने में मतपत्र का क्रमांक, नगरपालिका का नाम तथा वार्ड क्रमांक एवं दायी ओर के कोने में पन्ना संख्या तथा आम/उप निर्वाचन 20.... वर्ष का उल्लेख किया जाये।




## छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई निरस्त

कोरिया, 22 जनवरी 2025(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई 23 जनवरी को जिला कोरिया (बैकुंठपुर) में रखी गई थी, किंतु प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव हेतु आदर्श आचार सहिंता लागू होने के कारण सुनवाई निरस्त कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस:25 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय में होगा आयोजन

-संवाददाता-
बलरामपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी 2025 को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सुबह 10:30 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नए मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और नागरिकों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा**

रा0प्र0क्रं0-202501021700047/.अ-27/2024-25

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवशरन आ0 बन्धन, जाति बरगाह,निवासी ग्राम सरगवां,तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 233 रकबा 0.810 हे0 भूमि का आवेदक तथा अनावेदक रामचन्द्र आ0 बन्धन व अन्य 01,निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के मध्य 1/3 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत आवेदन ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से ई-कोर्ट के माध्यम से दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202412020700169**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2024-25

नमनाकला प.ह.नं.00020 (हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-श्याम बाई,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

ईश्तहार

आवेदिका श्याम बाई पिता स्व0 बधोलन अन्य निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सुन्दरपुर स्थित खसरा नंबर 491 रकबा 2.906 हे0 भूमि में से कुछ रकबा एन0एच0130 सड़क में अधिग्रहित कर ली गई है जिसका मुआवजा राशि आवेदकगण सहित उनके चाचा हंस राज राजवाड़े के छ0ग0 राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा महाबीरपुर, अजिरमा में जमा है। आवेदकगण के चाचा की मृत्यु दिहनांक 28/1/2022 को हो चुकी है। हंस राज राजवाड़े के बैध उत्तराधिकारी आवेदकगण है। मुआवजा राशि के भुगतान हेतु आवेदकगण को उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। आवेदकगण के द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो जॉंच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/02/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अंबिकापुर

# पटना नगर पंचायत 15 वार्डों में 4,298 मतदाता...

# पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

## 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को निकलेगा परिणाम,नगर पंचायत पटना में नामांकन प्रक्रिया शुरू पहले दिन 8 अभ्यर्थियों ने लिया फार्म

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले के एकमात्र नगरीय निकाय पटना नगर पंचायत में आगामी 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पटना नगर पंचायत में कुल 4,298 मतदाता ईवीएम के माध्यम से 15 वार्डों के लिए मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 2,099 और महिला मतदाता 2,199 हैं, यहाँ महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है,जबकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या निरंक है। नगर पंचायत क्षेत्र के 4,298 मतदाता 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। मतगणना 15 फरवरी को होगी, जिसके साथ नगर पंचायत का नया नेतृत्व तय होगा।




### नगर पंचायत पटना में नामांकन प्रक्रिया में पहले दिन 8 अभ्यर्थियों ने लिए फार्म

कोरिया जिले की एकमात्र नगर पंचायत पटना में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। पहले दिन अध्यक्ष पद और पार्षद पद के लिए कुल 8 नामांकन फार्म जारी किए गए। नगर पंचायत पटना के रिटर्निंग ऑफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उमेश पटेल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 1 और पार्षद पद के लिए 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, अभ्यर्थी 28 जनवरी 2025 तक नामांकन पत्र प्राप्त और जमा कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया का यह चरण चुनावी माहौल को और सक्रिय बना रहा है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अधिक संख्या में उम्मीदवार नामांकन करेंगे।

### समय सारणी

रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आज से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो 28 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी को होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित है। मतगणना और परिणाम घोषणा 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से होगी।

### चुनाव से जुड़ी मुख्य बातें

पटना नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 और वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने से पहले अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा। निर्वाचन व्यय सीमा अध्यक्ष पद के लिए 6 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के लिए 1 लाख तय की गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 10,000 रुपए और वार्ड पार्षद के लिए 1,000 रुपए निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के लिए यह राशि आधी होगी।

### वार्डों के नाम और मतदाता विवरण

नगर पंचायत के 15 वार्डों में भगत सिंह, मदन मोहन मालवीय, लोकमान्य तिलक, लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, चंद्रशेखर आजाद, शहीद वीर नारायण, स्वामी विवेकानंद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, रानी लक्ष्मीबाई, रविंद्र नाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अब्दुल कलाम, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड शामिल हैं।




## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 23 जनवरी को होगा पीठासीन और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 23 जनवरी 2025 को सेंट जोसेफ इंग्लिश मिडियम स्कूल, रामपुर, बैकुंठपुर में आयोजित होगा। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण दो पालियों में होगा। पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी-01 को प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अधिकारी-02 एवं मतदान अधिकारी-03 का प्रशिक्षण होगा। रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) ने सभी संबंधित अधिकारियों से प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन नियम-कायदों और आचार संहिता से संबंधित जानकारी दी जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण की तिथि और समय पर सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## गणतंत्र दिवस पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज करेंगे ध्वजारोहण

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महराज ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस दौरान वे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन भी करेंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों, सरकारी विभागों और संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। झांकियों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश- छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जाएंगे न ही कोई नई घोषणा की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजनीतिक प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। सभी समारोहों में आदर्श आचरण संहिता का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। जिला प्रशासन ने आम जनता से इस राष्ट्रीय पर्व को पूरे हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ मनाने की अपील की है।

## धान खरीदी संबंधित मामलों पर जिला प्रशासन कर रहा लगातार कार्यवाही



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी सम्बंधित मामलों पर निरतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज राजस्व विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बसदेई समिति अंतर्गत धान न पाए जाने पर किसान द्वारा रकबा समर्पण करवाया गया।

गौरतलब है कि बसदेई समिति अंतर्गत आवेदक पुनिराम आ. गोकुल द्वारा 102 क्विंटल का टोकन कटवाया गया था परंतु टीम द्वारा मौके पर जाँच की गई तो धान नही पाया गया। ऐसे में किसान द्वारा जानकारी दी गई उसके द्वारा टोकन नहीं कटवाया गया बल्कि उसके एवज में किसी बिचौलिए द्वारा टोकन कटवाया गया है और उनके पास केवल 6 क्विंटल धान ही है जो उनके उपभोग के लिए है। ऐसे में राजस्व विभाग की टीम द्वारा 100 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया



## ओड़गी क्षेत्र में एक 17 वर्षीय बालक का रोका गया बाल-विवाह



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस विभाग मुस्तैद है। विवाह के मौसम आते ही सभी विवाह पर नजर रखे हुए हैं।

वर्तमान प्रकरण में ग्रामीणों की सूचना पर की एक 18 वर्षीय बालक का बाल विवाह ओडगी के दुरस्त ग्राम में सम्पन्न हो रहा है। क्षेत्र के पर्यवेक्षक को लडके के घर जांच हेतु भेजा गया घर में लड़का नहीं मिला लेकिन परिजनों ने विवाह होने की बात को स्वीकार किया। समझाइश पर घर वाले विवाह रोकने और लडके उम्र कम होने पर ही विवाह करने की बात कही। जांच पर यह भी पता चला की बालक मात्र 17 वर्ष 04 माह का है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने उक्त प्रकरण पर नजर रखने के निर्देश दिये। रात्रि में पता चला की कामगज तो बना दिया गया है मगर अंदर ही अंदर बारात जाने और विवाह करने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, परियोजना अधिकारी श्री जागेश्वर साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम फिर गांव गई, जहाँ शिकायत को सही पाया गया है। परन्तु लड़की पक्ष बलरामपुर में बात करने पर पता चला की वहां बारात आने वाली है। लडकी का मण्डप लगा हुआ है और लड़की को हल्दी लगाया जा रहा है विवाह की सभी रश्म निभाई जा रही है। बडी मुश्किल से बालक टीम के पास उपस्थित हुआ और पंचनामा तैयार कर बालक के विवाह सम्पन्न हो जाने के अंदेशा में बालक को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के लिए रेस्क्यू किया गया और उसे बाल कल्याण समिति सूरजपुर में प्रस्तुत किया गया जहां से बालक को बाल गृह भेज दिया गया है। बालक मात्र 17 वर्ष 04 माह का है जबकि बालिका 19 वर्ष 01 माह की है।

बाल विवाह रोकने में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल परियोजना अधिकारी ओडगी श्री जगेश्वर साहू, पर्यवेक्षक ज्योजि राज, जिला बाल संरक्षण ईकाई से पवन धीवर चाईल्ड लाईन से जनार्दन यादव एवं सुश्री शीतल सिंह ग्राम सचिव शिवलाल राजवाडे पुलिस थाना ओडगी से रामाधीन श्याम प्रधान आरक्षक, बृजेश कुमार आरक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्याम पति उपस्थित थी।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरिया में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री बृजलाल साहू, अग्रणी महाविद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य डॉ एच. एन. दुबे, भैयाथन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रंजीत सातपुते, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल, जिला परियोजना अधिकारी श्री रविन्द्र सिंहदेव, एनएसएस के जिला संगठक श्री चंद्रभूषण मिश्रा, डुमरिया उच्चतर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अंजू पैकरा अतिथियों के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती व युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी पूजांजलि भगत द्वारा शिविर प्रतिवेदन का पाठ कर शिविर के गतिविधियों से सभी को अवगत कराया गया। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य तथा भैयाथन महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में सभी स्वयंसेविकाओं की प्रशंसा कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल सूरजपुर द्वारा सभी स्वयंसेवकों को शिविर के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दिया गया तथा अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अंजू पैकरा द्वारा स्वयं सेविकाओं द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की गई तथा उपस्थित विद्यार्थियों को स्वयंसेविकाओं से सीखने हेतु प्रेरित किया गया।

सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं प्रदान की गई।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच संचालन साक्षी गुप्ता ने किया। महाविद्यालय से डॉ विनोद कुमार साहू ,पुनीत गुप्ता सहायक प्राध्यापक , रोहित कुमार सेठ सहायक प्राध्यापक, संगीता सिंह, वर्षा यादव,सुप्रिया सिंघल ,दिवाकर सेठी, सजीत खलखो,विद्यालय के व्याख्याता सत्य प्रकाश कुशवाहा,अनिरुद्ध शुक्ला तथा विद्यार्थियों के साथ साथ ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

CMYK



## घरेलू मुकाबले में हमें युवाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी:रोहित राजपाल

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025।** भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल के अनुसार, भविष्य के डेविस कप सितारों को तैयार करने के लिए घरेलू मुकाबले से बेहतर कुछ नहीं है और टोगो के खिलाफ आगामी मुकाबला ऐसा करने का एक अच्छा अवसर है।डेविस कप, जो 1-2 फरवरी को खेला जाएगा, की पांच सदस्यीय टीम में शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन, करण सिंह, एन.श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली शामिल हैं।भारत के शशिकुमार मुकुंद 368वें नंबर पर इस मुकाबले में सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे। लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद वे टीम में वापसी कर रहे हैं।

# टीम इंडिया की जर्सी पर दिखेगा स्पेशल लोगो

### बीसीसीआई ने अपने बयान से सारी दुविधा की दूर

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया की जर्सी पर दिखने वाले लोगो को लेकर चल रही खबरों पर अब पूरी स्थिति को अपने बयान से साफ कर दिया है। बीसीसीआई ने ये साफ कर दिया कि वह आईसीसी की तरफ से टूर्नामेंट को लेकर सभी दिशानिर्देशों का पालन करेगा, जिसमें टीम इंडिया की जर्सी पर आधिकारिक आईसीसी का लोगो भी होगा जिसमें पाकिस्तान का नाम भी छपा होगा।

### बीसीसीआई सेक्रेट्री देवजीत सैकिया का बयान आया सामने

बीसीसीआई सेक्रेट्री पद पर हाल में ही जिम्मेदारी संभालने वाले देवजीत सैकिया ने क्रिकबज को चैंपियंस ट्रॉफी



2025 में टीम इंडिया की जर्सी पर छपने वाले लोगो को लेकर दिए अपने बयान में कहा कि हम आईसीसी की सभी नियमों को मानेंगे। भारतीय टीम की जर्सी पर भी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक लोगो होगा जो सभी टीमों के लिए नियम हैं वह हमारे लिए भी। सैकिया के इस बयान के सामने आने के बाद अब टीम इंडिया की जर्सी पर आधिकारिक लोगो को लेकर मचे बवाल पर भी विराम लग गया है।

### टीम इंडिया दुबई में खेलेगी अपने मुकाबले

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक शेड्यूल आने के बाद ये साफ हो गया था कि टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले दुबई के मैदान पर खेलेगी। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 19 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक किया जाएगा। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी तो वहीं 23 फरवरी को उसका सामना पाकिस्तान की टीम से होगा जबकि 2 मार्च को भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने उतरेगी। यदि टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में कामयाब होती है तो वह खिताबी मैच दुबई के मैदान पर ही खेलेगी।

# कौन तोड़ेगा रोहित शर्मा का ये बड़ा कीर्तिमान



### » टीम इंडिया के दो धुरंधर कर रहे हैं पीछा

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए मैदान में उतरने की तैयारी में है। इस बार इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है, इसमें निश्चित तौर पर कई नए नए कीर्तिमान बनते हुए दिखाई देंगे। बड़ा सवाल ये है कि रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट जो रिकॉर्ड बनाया है, उसे कौन तोड़ेगा। हालांकि अभी तक उस रिकॉर्ड की बराबरी भी नहीं हो पाई है, इसलिए उसे ध्वस्त करने में थोड़ा सा वक्त लगेगा।

### रोहित शर्मा ने टी 20 इंटरनेशनल में लगाए हैं पांच शतक

टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज इस वक्त रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल हैं। इन दोनों ने इस फॉर्मेट में पांच पांच शतक लगाए हैं। रोहित शर्मा अब टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट का ऐलान कर चुके हैं, यानी उनके शतकों की संख्या में कोई इजाफा नहीं होगा। इस बीच रोहित शर्मा के सबसे करीब भारत के सूर्यकुमार यादव हैं। जो अब तक टी20 में चार शतक लगाने में कामयाब रहे हैं।

### सूर्यकुमार यादव के नाम टी 20 इंटरनेशनल में पांच सेंचुरी

सूर्यकुमार यादव एक और सेंचुरी लगाते ही रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी कर लेंगे और दो शतक के बाद वे रोहित को पीछे भी करने की स्थिति में रहेंगे। टी20 इंटरनेशनल में तीन शतक लगाने वाले कई सारे बल्लेबाज हैं, लेकिन अगर भारत की बात करें तो संजू सैमसन भी तीन शतक लगा चुके हैं। यानी उन्हें रोहित शर्मा की बराबरी के दो और उन्हें पीछे छोड़ने के लिए तीन शतक चाहिए होंगे।

### पांच मैचों की सीरीज के बाद बदल सकत हैं आंकड़े

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज पांच मैचों की है। इस दौरान अगर रोहित शर्मा पीछे छूट जाएं तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। खास तौर पर संजू सैमसन इस वक्त गजब के फार्म में हैं। वे भारत की ओपनिंग करने के लिए आएंगे और सारे पांच मुकाबले खेलेंगे भी। उनके बल्ले से अगर एक दो शतक और आ जाएं तो कोई भी ताज्जुब की बात नहीं होनी चाहिए। हां, सूर्यकुमार यादव जरूर रनों के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन सभी जानते हैं कि सूर्या जैसे बल्लेबाज को बहुत दिनों तक शांत रखना कोई आसान काम नहीं है। ऐसे में इसी सीरीज में उनका तूफान आ जाए तो वे भी रोहित शर्मा को पीछे करने की स्थिति में पहुंच जाएंगे।



## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में रेसलिंग नहीं होने से निराश पूर्व ओलंपिक चैंपियन

**कजाकिस्तान,22 जनवरी 2025।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर गोल्ड मेडल जीता था। यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टरक्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में बॉक्सिंग की जगह रेसलिंग को शामिल किया जाना चाहिए था।

### केवल 10 खेल होना बेहद निराशाजनक

एरिका ने 'भाषा' को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि ग्लासगो में 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। वह वास्तव में चाहती थी कि वे बॉक्सिंग की जगह रेसलिंग को शामिल करते। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि इस रेसलिंग की लोगों तक अधिक पहुंच है। उन्हें लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। उन्हें लगता है कि यह कॉमनवेल्थ में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में रेसलिंग के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है।

### 2030 में रेसलिंग की वापसी की उम्मीद

कनाडा की इस पहलवान ने कहा कि यह निराशाजनक है। उन्हें लगता है कि चीजें बदलेंगी। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए उम्मीद है कि शायद 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे। बुडापेस्ट 2018 वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि वह बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई पहलवानों की कुश्ती की शैली बहुत ही अनोखी है, इतने सारे देशों की मौजूदगी में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है।

## स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न,22 जनवरी 2025।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गई। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया। स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं। स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को



दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की। कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा ।

## एमआई से निकाले गए बल्लेबाज ने आईएलटी 20 में मचाया गदर

**नई दिल्ली,22 जनवरी 2025।** इस समय दुनियाभर में 3 टी 20 लीग खेली जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में बीबीएल, साउथ अफ्रीका में एसएटी 20 लीग लीग खेली जा रही है। इस के साथ ही यूएई में इंटरनेशनल टी 20 लीग खेली जा रही है। इस लीग में एमआई के एक पूर्व खिलाड़ी ने धुआंधार बल्लेबाजी की है और सिर्फ 5 गेंद पर 26 रन ठोक तहलका मचा दिया है।




21 जनवरी को आईएलटी20 का 14 वां मैच एमआई अमीरात और अबूधाबी नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इस मैच में अमीरात को 28 रन से जीत मिली। अमीरात की तरफ से पारी के आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने तूफानी पारी खेली और सिर्फ 5 गेंद में 26 रन बना दिए। शेफर्ड ने अली खान के ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का,तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाया. इसके बाद आखिरी 2 गेंदों पर भी इस बल्लेबाज ने 2 छक्के लगाए.।कुल 5 गेंदों पर उन्होंने 26 रन बनाए। पहले बैटिंग करते हुए निकोलस पूरन के 49 और रोमारियो शेफर्ड के 13 गेंद में 3 छक्के और 4 चौके की मदद से बनाए। नाबाद 38 रन की मदद से 6 विकेट पर 186 रन बनाए। अबूधाबी नाइट राइडर्स 9 विकेट पर 158 रन बना सकी और मैच 28 रन से हार गई। शेफर्ड ने दमदार बल्लेबाजी के बाद 2 विकेट भी झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आईएलटी20 में एमआई अमीरात का हिस्सा रोमारियो शेफर्ड आईपीएल में भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे लेकिन आईपीएल 2025 से पहले एमआई ने उन्हें रिलीज कर दिया था। मेगा ऑक्शन में 1.5 करोड़ में इस विस्फोटक ऑलराउंडर को आरसीबी ने खरीदा था. शेफर्ड पूर्व में मुंबई इंडियंस के लिए भी तूफानी पारियां खेल चुके हैं। उनके मौजूदा फॉर्म को देख आरसीबी निश्चित रुप से राहत की सांस ले रही होगी और ये उम्मीद कर रही होगी कि आईपीएल के अगले सीजन में भी उनका ऐसा ही प्रदर्शन रहे।

## डाकू महाराज के हिंदी वर्जन की रिलीज डेट आउट

### अक्षय कुमार की स्काई फोर्स टकराएगी नंदमुरी बालकृष्ण फिल्म

अक्षय कुमार की स्काई फोर्स के लिए 24 जनवरी का दिन तय हुआ. देशभक्ति की फिल्म और 26 जनवरी का मौका. इससे बेहतर और क्या हो सकता था। इस दिन हिंदी में कोई फिल्म रिलीज भी नहीं हो रही थी। अक्षय कुमार फिल्म का जोर-शोर से प्रचार कर रहे थे, लेकिन ये क्या अब अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की कमाई लूटने के लिए साउथ का डाकू महाराज 24 जनवरी के दिन हिंदी में दस्तक देने आ रहा है। डाकू महाराज उसी प्रोड्यूसर की फिल्म है जिसने कहा था कि पुष्पा 2 के बॉक्स ऑफिस पर 80 करोड़ पार करने के बाद मुंबई में कई लोग सोए नहीं थे। टॉलीवुड के ये प्रोड्यूसर नागा वामसी हैं.अक्षय कुमार की स्काई फोर्स 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म है जिसमें भारत की तरफ से पहली एयरस्ट्राइक की गई थी। स्काई फोर्स में अक्षय कुमार के अलावा वीर पहाड़िया, सारा अली खान और निमरत कौर लीड रोल में हैं। ये वीर पहाड़िया को डेब्यू फिल्म है. फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। फिल्म की शूटिंग को 100 दिन में पूरा किया गया है और अक्षय कुमार ने फिल्म के लिए 60 दिन शूटिंग की थी। स्काई फोर्सको मुंबई, लखनऊ, सीतापुर, अमृतसर, हैदराबाद, दिल्ली, पठानकोट और यूनाइटेड किंगडम में शूट किया गया है। जबकि वीर पहाड़िया और सारा अली खान का एक गाना मसूरी में शूट हुआ है। स्काई फोर्स का बजट लगभग 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है.64 साल के एक्शन हीरो नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके) की डाकू महाराज 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में एनबीके, बॉबी देओल और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं। डाकू महाराज अभी तक लगभग 160 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म का बजट लगभग 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन बॉबी कोली ने किया है जिनका हिट फिल्मों का रिकॉर्ड रहा है। फिल्म में एस थमन का म्यूजिक है.अक्षय कुमार की स्काई फोर्स को टक्कर देने के लिए डाकू महाराज हिंदी में आ रही है। डाकू महाराज के हिंदी वर्जन को 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।




## रहस्य और रोमांच से भरपूर फिल्म अगथिया का मोशन पोस्टर जारी

रहस्य, फैंटसी, हॉरर और थ्रिल से भरपूर फिल्म अगथिया' का मोशन पोस्टर सोशल मीडिया पर निर्माता अनीश अर्जुन देव और डॉ इशारी के गणेश द्वारा जारी कर दिया गया। वाइड ऐंगल मीडिया के साथ डॉ इशारी के गणेश द्वारा प्रस्तुत फिल्म अगथिया' का लेखन और निर्देशन पी ए विजय ने किया है। फिल्म का संगीत युवा संगीतकार युवान शंकर राजा ने दिया है। फिल्म के सभी गाने निर्देशक पी ए विजय ने लिखा है।फिल्म का नाम अगथिया का मोशन पोस्टर काफी इंटरेस्टिंग दिख रहा है यह काफी रहस्यमय लग रहा है। और फिल्म के नाम से भी जाहिर है कि इसमें रहस्य और रोमांच के साथ फैंटसी का तड़का भी लगाया गया है। मोशन पोस्टर शुरू होते ही पुरानी घड़ी के कलपुर्जे जैसी आकृतियाँ और मशीनरी जैसा दर्शाया गया है जो कई परतों से होते हुए बैकग्राउंड में चल जाता है और सामने ऐन्टिक स्टाइल में अगथिया' के साथ सब हेडलाइन ऐन्जल वर्सेज़ डेविल' लिखा हुआ आता है जो तमिल, तेलुगु, हिन्दी और इंग्लिश के साथ बदलता रहता है। पोस्टर में फिल्म के यूनीक स्टाइल में लिखे हुए नाम के साथ एक रहस्यमयी म्यूजिक बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। पोस्टर के अंत में काफी हॉन्टेड दृश्य दिखाया गया है जिसमे एक जादूगर जैसे कपड़े में एक व्यक्ति जिसका चेहरा धधकती हुई आग के जैसा है, अपने हाथ में एक बड़ी सी ऑप्टिकल रॉड ले कर खूंखार तरीके से घुमाता हुआ दिख रहा है जो काफी डरावना है। पूरा मोशन पोस्टर रहस्यमयी होने के साथ ही कई सवाल भी छोड़ जाता है जिनका जवाब फिल्म की रिलीज के बाद ही मिलेगा।

## पुष्पा 3 में क्या नजर आएंगी आंचल मुंजाल

### कहा-रोल कटने पर निराश थी, पर छोटे रोल में मिला बेहतरीन रिस्पांस

5 दिसंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा- द रूल अभी भी चर्चा में बनी हुई है और यह साल 2024 की सबसे ज्यादा अर्निंग करने वाली फिल्म भी बनी हैं। अब फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच पुष्पा 3 के बारे में भी नई-नई अपडेट सामने आ रही है। वैसे तो पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई, लेकिन एक छोटे से किरदार में आंचल मुंजाल भी नजर आई थीं. ऐसे में क्या पुष्पा पार्ट 3 में आंचल मुंजाल की वापसी होगी या नहीं इस पर एक्ट्रेस में खुलासा किया।आंचल मुंजाल पुष्पा-2 में मालदीव में शूट किया एक हिस्से में नजर आई थीं। अब पुष्पा 3 में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर आंचल ने कहा मुझे यकीन नहीं है कि पुष्पा 3 के लिए क्या योजना बनाई गई है, लेकिन मैं वास्तव में इसका हिस्सा बनने की उम्मीद करती हूं. फैंस मुझे मैसेज भेज रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या मेरा किरदार इसमें होगा और सचमुच उम्मीद है कि डायरेक्टर चाहे जो भी निर्णय ले यह एक अद्भुत जर्नी होगी।



CMYK

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में 40 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



**2 की हालत गंभीर,मौके पर पहुंचे कलेक्टर**

**बलौदाबाजार,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के खपराडीह शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में 40 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्कूल में पढ़ाई कर रहे कई बच्चों को अचानक चक्कर आना, उल्टी होना और बेहोश होने जैसी समस्याएं होने पर उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं होने पर निजी वाहनों से बच्चों को 30 से 35 सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। शेष सभी विद्यार्थियों को गांव के ही सामुदायिक भवनों में अध्ययन के लिए शिफ्ट किया जा रहा है।

### गरियाबंद में फिर 2 नक्सलियों के शव हुए बरामद




**गरियाबंद,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गरियाबंद जिले में पिछले 72 घंटे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान बुधवार को दो और वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इनमें एक पुरुष और एक महिला नक्सली शामिल हैं।

### मारकर दफनाया,फिर रख दिया गाय का शव



**कवर्धा-धमतरी-रायपुर,22 जनवरी 2025(ए)।** जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र से लापता महासिंग बैगा (सिंदूरखार) का शव मध्यप्रदेश के बजाक थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, महासिंग बैगा के शव को मिट्टी में गाड़कर उसके ऊपर गाय का शव रखा गया था, ताकि घटना को छुपाया जा सके। इस मामले में कबीरधाम पुलिस दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उनकी निशानदेही पर शव को बरामद किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जवानों ने नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप को कब्जे में लिया



**बीजापुर,22 जनवरी 2025(ए)।** मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया करने सुरक्षा बल के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे। इसके चलते बस्तर में लगातार नक्सली संगठन कमजोर होता नजर रहा है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर भी कब्जा कर लिया है।

# चंद्रशेखर की एंट्री से गरमाई सियासत

### बीजेपी का त्वरित पलटवार

**रायपुर,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण की एंट्री के साथ ही राज्य की सियासत तेज हो गई है. यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बुधवार को रायपुर की सेंट्रल जेल पहुंचकर यहां बंद बलौदाबाजार हिंसा के आरोपियों से मुलाकात की है, इधर चंद्रशेखर ने 20 फरवरी को सीएम हाउस का घेराव करने की बात कही तो उधर राज्य में सत्ताधारी बीजेपी भी एक्टिव हो गई, बीजेपी ने पलटवार करने में देर नहीं लगाई और कहा कि राज्य में पुलिस अपना काम करेगी, सतनामी समाज के लिए जितना काम बीजेपी ने किया है, उतना काम किसी भी पार्टी ने नहीं किया.

### सतनामी समाज के लोगों से मिले चंद्रशेखर

चंद्रशेखर रावण ने जेल में बलौदाबाजार हिंसा के आरोपियों से मुलाकात के बाद कहा 'सतनामी समाज को छत्तीसगढ़ की सरकार कुचलना चाहती है, क्योंकि छोटे-छोटे बच्चों को जेल भेजा गया है. उनके परिवार आज खून के आंसू रो रहे हैं, क्योंकि इन परिवारों में अब कमाने वाला कोई नहीं बचा है, इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि सतनामी समाज के लोगों की रिहाई तुरंत की जाए. लेकिन अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो फिर 20 फरवरी को देशभर से भीम आर्मी के लोग रायपुर पहुंचेंगे और प्रदेश के सीएम हाउस का घेरावा किया जाएगा. क्योंकि जेल के अंदर लोगों से मुलाकात के बाद मुझे यह अंदाजा हुआ है कि पुलिस ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए इन लोगों को जेल में डाला है.



### बलौदाबाजार हिंसा की रिपोर्ट आ जाने दीजिए

भीम आर्मी चीफ ने कहा 'बलौदाबाजार में जो घटना हुई थी, उसके लिए एक टीम बनाई गई है, जब उसकी रिपोर्ट आएगी तो सबकुछ दूध का दूध और पानी का पानी होगा, लेकिन सरकार के मन में सतनामियों के खिलाफ दुर्भावना आई है. यह सब उसी का परिणाम है. लेकिन सतनामी समाज का गौरव है और उसकी रक्षा करना महत्वपूर्ण काम है.' हालांकि इस दौरान जब उनसे जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और कवासी लखमा को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं केवल सतनामी समाज के लोगों से मिलने आया था

### बीजेपी ने किया चंद्रशेखर रावण पर पलटवार

वहीं चंद्रशेखर रावण को लेकर जब डिप्टी सीएम अरुण साव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा 'चंद्रशेखर रावण राजनीतिक दल के नेता हैं. वे अपनी गतिविधियां करेंगे, लेकिन छत्तीसगढ़ शांति और सदभावना का गढ़ है और हमारी प्राथमिकता इसे बनाए रखना है. पुलिस प्रशासन अपना काम करेगी. सतनामी समाज को मान सम्मान और गौरव देने का काम बीजेपी ने किया है. इतना काम किसी अन्य दल ने नहीं दिया है.' कि छत्तीसगढ़ में चंद्रशेखर रावण की एंट्री के बाद राज्य की राजनीति भी गर्माती दिख रही है, क्योंकि अब तक बलौदाबाजार हिंसा के मामले में बीजेपी और कांग्रेस ही आमने-सामने थी, लेकिन अब एक तरह से चंद्रशेखर रावण ने तीसरे मोर्चे के तौर पर एंट्री कर दी है. जिससे बीजेपी भी एक्टिव दिख रही है.

### बलौदा बाजार हिंसा मामले के संबंध में चंद्रशेखर आजाद रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद राजधानी रायपुर स्थित सेंट्रल जेल पहुंचे। वे बलौदा बाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगो से मिलने पहुंचे है। इस दौरान उनके साथ समर्थकों की एक बड़ी संख्या भी मौजूद रही। सांसद चंद्रशेखर बलौदा बाजार हिंसा के मामले में आरोपी कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव और अन्य आरोपियों से मुलाकात कर रहे हैं। इस घटना के बाद से बलौदा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। पुलिस ने जेल की सुरक्षा कड़ी करते हुए मुख्य द्वार को बंद कर दिया है। जेल परिसर में जिला पुलिस के अधिकारी भी तैनात किए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ में कौशल विकास कार्यक्रम के नाम पर फर्जी नियुक्तियों का पर्दाफाश

### शिक्षकों की भर्ती रद्द

**रायपुर,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों की फर्जी नियुक्तियों का बड़ा मामला उजागर हुआ है। इंडिया फाउंडेशन और ब्रेनोंपीडिया एडू टेक प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारियों ने बिना वैध अनुबंध और चयन प्रक्रिया के सरकारी स्कूलों में नियुक्त कर दिया। इस मामले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बलरामपुर में 30 फर्जी नियुक्तियां

सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में सबसे पहले इस अनियमितता का मामला सामने आया। यहां 30 शिक्षकों की नियुक्ति बिना किसी मान्य प्रक्रिया के की गई। सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक द्वारा इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट संचालनालय को सौंपी गई, जिसके बाद इन सभी नियुक्तियों को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया।




### अन्य जिलों में भी उजागर हुई अनियमितताएं

यह मामला केवल बलरामपुर तक सीमित नहीं रहा। बेमेतरा, धमतरी और महासमुंद जिलों में भी इसी तरह की फर्जी नियुक्तियों की पुष्टि हुई है। इन जिलों में भी बिना अनुबंध और वैध प्रक्रिया के शिक्षकों को सरकारी स्कूलों में तैनात किया गया। इन नियुक्तियों को भी रद्द कर दिया गया है और संबंधित रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय को भेजी गई है।

### प्रशासन की लापरवाही या साजिश?

जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा बिना किसी वैध दस्तावेज और उचित प्रक्रिया के शिक्षकों की नियुक्ति ने विभाग की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह जांच का विषय है कि क्या यह केवल प्रशासनिक लापरवाही थी या इसके पीछे किसी बड़े घोटाले की साजिश है।

### जांच और कार्रवाई के निर्देश..

संचालनालय ने इस गंभीर मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। विस्तृत जांच के बाद दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा असर पड़ा है और अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।



### महादेव सट्टा ऐप्प मामले में एएसआई और हवाला कारोबारी को एचसी से तगड़ा झटका

**बिलासपुर,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप्प चलाने में प्रमोटर्स के लिए काम करने वाले आरोपी एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। एएसआई पर आरोपियों के साथ ही अफसरों और राजनेताओं के बीच संपर्क कराने और उनके लिए काम करने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में सार्वजनिक जुआ अधिनियम और ईडी ने केस दर्ज की थी। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं।

### 8 आईईडी बम किया गया डिफ्यूज

**बीजापुर,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों का कायराना करतूत लगातार जारी है। इसी बीच बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। जहां सर्चिंग के दौरान जवानों ने 5- 5 किलोग्राम के 8 आईईडी बरामद किया है। नक्सलियों ने मुतवेंडी से पीड़िया



जाने वाले मार्ग पर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए थे।



### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**» पीएम आवास योजना में 3.21 लाख की बजाय अब मिलेंगे 3.89 लाख**

**रायपुर,22 जनवरी 2025(ए)।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रति आवास की राशि में इजाफा कर दिया है। अब प्रति आवास 3.21 लाख की जगह मिलेंगे 3.89 लाख रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार की बीते रविवार को हुई कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए कई नई सौगातें लेकर आया। सरकार ने इस बैठक में योजना के लाभार्थियों के लिए आर्थिक सहायता बढ़ाने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। राज्य कैबिनेट ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के प्रथम चरण में कमजोर आय वर्ग के एक लाख 32 हजार परिवारों को आवास उपलब्ध कराने कुल 3938 करोड़ 80 लाख रुपये के अनुदान को मंजूरी दी।

### सीजीएमएससी बना भ्रष्टाचार का अड्डा

**.9एम इंडिया का क्या है खेल, नौकरशाह बने पार्टनर, पीएमओ तक पहुँची शिकायत**

**रायपुर,22 जनवरी 2025 (ए)।** प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने का ढोल कोई भी सरकार कितना भी पीटे




पर यथार्थ में वो कर पाना इनके बस की बात भी नही है।प्रदेश में छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड (सीजी एम एस सी)हमेशा दवा और उपकरण खरीदी को लेकर सुर्खियों में रहा है। पिछले कई सालों में यहां जमकर भ्रष्टाचार हुआ।या फिर यह भी कहा जा सकता है कि लूटपाट के लिए ही सीजीएमएससी को बनाया गया था।अब तक जो मामले खुलकर आ रहे है इससे तो यही प्रतीत हो रहा है।महालेखाकार ने भी अपनी ऑडिट में कई आपत्तियां उठाई हैं। कांग्रेस सरकार में हुई खरीदी की जांच तीन आईएएस की कमेटी कर रही है।

### रायपुर दोहरे हत्याकांड का खुलासा



**» मृतिका से आरोपी का अवैध संबंध बना हत्या का कारण,**

**» बेटी के शव के साथ किया दुष्कर्म**

**रायपुर,22 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा हो गया है। दिनांक 01.01.2025 को सूचक ने थाना खमतराई में सूचना दिया कि खमतराई रांवाभाठा स्थित शेरे पंजाब ढ़ाबा के सामने रायपुर बिलासपुर रोड किनारे एक अज्ञात लड़की का शव पड़ा है, कि तस्दीक कार्यवाही हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस के हमराह स्टॉफ मौके पर पहुंचकर सूचक की रिपोर्ट पर घटना स्थल पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रथम दृष्ट्या एवं घटना स्थल निरीक्षण में पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका का गला दबाकर हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शेरे पंजाब ढ़ाबा पास रायपुर बिलासपुर रोड किनारे फेक कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में 07/25 धारा 103, 238(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### दो पक्षों की मारपीट में एक युवक की मौत



**» आरोपी ने थाने पहुंचकर किया सरेंडर**

**» पुलिस पर राजनीतिक दबाव का आरोप**

**रायगढ़,22 जनवरी 2025(ए)।** खरसिया में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. यह मामला खरसिया के मोहापाली का है. पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गर्ग परिवार और अनु बुटीक परिवार वालों के बीच मामूली बात पर विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इस घटना में घायल अन्नू अग्रवाल की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं घटना के बाद एक आरोपी चीनू अग्रवाल ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर राजनीति दबाव का आरोप लगाया है। मृतक अन्नू अग्रवाल का शव को लेकर परिजन न्याय पाने के लिए विरोध करने की तैयारी में हैं।

### स्कूल से लौटते हुए बच्चों ने किया रतनजोत बीज का सेवन

**9 बच्चे हुए अस्पताल में भर्ती...**

**धमतरी,22 जनवरी 2025(ए)।** मंगलवार शाम को धमतरी के सेमरा-सी गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब 9 बच्चे स्कूल से घर लौटने के बाद बीमार हो गए और



उल्टी करने लगे। बता दें कि बच्चों ने स्कूल से लौटते समय खेलते-खेलते रतनजोत (जटरोफा) के बीज खा लिए थे। शाम 6 बजे के करीब, बच्चों को उल्टी और मतली की शिकायत होने लगी। पूछताछ करने पर बच्चों ने बताया कि उन्होंने बीज खाए थे, जो उन्हें खाने योग्य फल समझ में आए थे।

### डेम में डूबने से डिप्टी कलेक्टर के बेटे की मौत

**रायगढ़,22 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मंगलवार की शाम दोस्तों के साथ घूमने टीपाखोल डैम पहुंचे डिप्टी कलेक्टर के बेटे की डैम में डूबने से मौत हो गई। देर रात तक युवक का पता नहीं चल पाया था, गोताखोर उसकी तलाश में जुटे थे। आज सुबह फिर से युवक की तलाश शुरू की गई। जिसके बाद गोताखोरों ने उसका शव डैम से निकाला। मिली जानकारी के मुताबिक, डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ अजय लकड़ा का 25 वर्षीय बेटा जॉय लकड़ा दिल्ली में पढ़ता था और अपनी कॉलेज की छुट्टी में रायगढ़ आया हुआ था। जहां आज मंगलवार की शाम 8 से साढ़े 8 बजे के आसपास अपने दो दोस्तों के साथ टीपाखोल डैम घूमने गया हुआ था। बताया जा रहा है इसी बीच वह जब डैम के ऊपर गेट खोलने वाले पॉइंट में खड़ा था, तभी उसका ईयरबड्स पानी में गिर गया, बैगर पानी के गहराई का पता किए जब वह पानी में उतरा तो डूबने लगा। इस दौरान वहां मौजूद उसके दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया। लेकिन उन्हें भी तैरना नहीं आता था, ऐसे में वे अपने दोस्त को नहीं बचा सके और जॉय गहरे पानी में डूब गया। युवक के डेम में डूबने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)